प्रेस सूचना कार्यालय

गृह मंत्रालय

*****

प्रेस विज्ञप्ति

नई दिल्ली, 13.07.2019

केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह नेदेश के विभिन्न हिस्सों में मौजूदा बाढ़ की स्थिति की समीक्षा करने के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक ली

केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने आज यहां देश के विभिन्न हिस्सों में मौजूदा बाढ़ की स्थिति और उससे निपटने के लिए केंद्रीय मंत्रालयों / एजेंसियों तथा संबंधित राज्यों की तैयारियों की समीक्षा बैठक ली।

बैठक के दौरान इंडिया मेट्रोलॉजिकल डिपार्टमेंट ने बताया कि पिछले 3-4 दिनों के दौरान, असम और बिहार में अत्यधिक भारी बारिश हुई है तथा अगले 48 घंटों में इन दोनों राज्यों में भारी बारिश की संभावना है।

महानिदेशक, एनडीआरएफ ने बताया कि बाढ़ प्रभावित राज्यों के संवेदनशील क्षेत्रों में बटालियन हेड क्वार्टर और रीजनल रिस्पांस सेंटर्स (आरआरसी) में अलर्ट पर रखी गई टीमों के अलावा 73 एनडीआरएफ की टीमें सभी आवश्यक उपकरणों के साथ पहले से तैनात हैं । उन्होंने यह जानकारी भी दी कि एनडीआरएफ टीमों ने असम और बिहार में लगभग 750 लोगों को बचाया है।

केंद्रीय जल आयोग जानकारी दी कि असम में ब्रह्मपुत्र, बेकी, जीभरली, कटखल और बराक तथा बिहार में कमला, बगमती, महानंदा और गंडक नदियाँ गंभीर स्थिति में बह रही हैं। आईएमडी और सीडब्ल्यूसी दोनों नियमित अंतराल पर पूर्वानुमान बुलेटिन जारी कर रहे हैं। गृह मंत्रालय, एनडीआरएफ, भारत मौसम विज्ञानविभाग और केंद्रीय जल आयोगमें नियंत्रण कक्ष लगातार स्थिति पर कड़ी निगरानी रख रहे हैं।

समीक्षा के बाद, केंद्रीय गृह मंत्री ने वरिष्ठ अधिकारियों को देश में दक्षिण-पश्चिम मानसून से उत्पन्न स्थिति से निपटने के लिए और बाढ़ प्रभावित राज्यों को सभी आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए हर संभव उपाय करने का निर्देश दिया।

बैठक के उपरांत गृह राज्य मंत्री श्री नित्यानंद राय ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे हाईएलर्ट पर रहेंऔर राज्यों को सहायता

प्रदान करें। उन्होंने यह भी बताया कि केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने जान माल की सुरक्षा पर विशेष बल दिया है।

बैठक के दौरान केंद्रीय गृह सचिव, महानिदेशक, एनडीआरएफ, गृह मंत्रालय, केंद्रीय जल आयोग, भारत मौसम विज्ञान विभाग और सशस्त्र सीमा बल के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

****

बी बी/डॉ डी डी